>

Title: Need to construct a flyover on level crossing at Bhadohi in Bhadohi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही): महोदय, लोकहित से संबंधित भदोही लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत भदोही रेलवे ट्रैक पर उपरिगामी सेतु निर्माण की आवश्यकता पर ध्यान दिलाना चाहता हूँ। यहाँ से विदेशों में पर्याप्त मात्रा में कालीन का निर्यात होता है। यहाँ विदेशी खरीददार आते-जाते रहते हैं, किंतु रेल फाटक की वजह से भदोही में ट्रैफिक जाम हो जाता है जिसके कारण विदेशी खरीददार यहाँ आने से हिचकते हैं जिससे कालीन व्यवसाय यहाँ प्रभावित हो रहा है। यदि भदोही में रेल फाटक पर उपरिगामी पुल बनवा दिया जाए जिसकी मांग वर्षों से चली आ रही है तो यातायात की समस्या से निजात मिल सकती है व विदेशी खरीददार व क्षेत्रीय लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी। यह बात मेरे द्वारा कई बार सदन में उठाई गई, किंतु इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी।

अतः लोकहित को ध्यान में रखते हुए भदोही में यथाशीघ्र रेलवे ट्रैक पर उपरिगामी पुल बनवाकर उपरोक्त समस्या से निजात दिलाए जिससे यातायात की समस्या समापत होगी और कालीन उद्योग भी लाभान्वित होगा।